an>

Title: Need to start operation of flights to Mumbai and Tirupati from Kolhapur Airport, Maharashtra.

श्री धनंजय महाडीक (कोल्हापुर): कोल्हापुर शहर महाराष्ट्र के दक्षिण-पश्चिम भाग में स्थित है। 2011 की जनगणना के अनुसार कोल्हापुर शहर की जनसंख्या 5,49,236 है। कोल्हापुर एक प्राचीन शहर है जो खाद्य , चप्पल- जूतें, आभूषणों के साथ-साथ धार्मिक रूप से भी प्रसिद्ध है। यह बहुत से उद्योगों जैसे - गन्ना, चमड़ा, डीजल इंजन आदि उत्पादों का भी केन्द्र है। कोल्हापुर हवाई अड्डा देश के पुराने हवाई अड्डों में से एक है। इसकी शुरूआत 5 जनवरी, 1939 को हुई थी। वर्तमान हवाई अड्डा ए.टी.आर.-72 जैसे एयरक्राफ्ट की सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम है किन्तु वर्तमान में केवल गैर-अधिसूचित चार्टर फ्लाईट्स इस हवाई अड्डे से संचालित हो रही है। किंगफिशर एयरलाइन्स जो पूरी क्षमता के साथ कोल्हापुर से मुम्बई के लिए ए.टी0आर.-72 दैनिक फ्लाईट का संचाल कर रहा था, कंपनी के अंदरूनी मामलों की वजह से नवम्बर, 2011 में यह सेवा रोक दी गई थी। कोल्हापुर मुम्बई बैंगलोर और हैदराबाद जैसे महानगरीय शहरों का अधिकेन्द्र और संपूर्ण पश्चिम महाराष्ट्र में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाता है। सुप्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर कोल्हापुर में ही स्थित है और काफी संख्या में श्रृद्धालु /तीर्थयात्री आते हैं। तिरूपति मंदरि की तीर्थयात्रा महालक्ष्मी मंदिर के दर्शन के उपरान्त ही पूर्ण होती है। इसके विकास और उद्योगों तथा पर्यटन में बढ़ोतरी के लिए कोल्हापुर की जनता की मांग है कि हवाई सेवा जल्द से जल्द पुनः प्रारंभ की जाए।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले पर तत्काल ध्यान देते हुए कोल्हापुर के बेहतर भविष्य के लिए कोल्हापुर हवाई अड्डा से मुम्बई और तिरूपति के लिऐ अधिसूचित वायुयान सेवा को जल्द से जल्द प्रारंभ करायरी जाए। 2 महीने पहले सिविल एविएशन मिनिस्टर श्री सिद्धेश्वर जी ने लो कॉस्ट एयरपोर्ट की घोषणा की उसमें कोल्हापुर के लिए 250 करोड़ की घोषणा की थी उसका ये मैं सरकार से जानना चाहूँगा।

_